।देनांक 10/07/99 को पूर्वान्ह 10:30 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न होने वाली योजना बोर्ड के प्रथम बैठक का कार्यवृत-

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः

1.	प्रो. नीतीश कुमार सान्याल (कुलपति)	अध्यक्ष
2.	प्रो. ए.के. पन्त	सदस्य
3.	प्रो. यू.पी. सिंह	सदस्य
4.	प्रो. सिबेश भट्टाचार्या	सदस्य
5.	प्रो. ए.के. अग्रवाल	सदस्य
6.	प्रो. भीमसेन सारस्वत	सदस्य
7.	प्रो. टी. पति	सदस्य
8.	प्रो. अमर सिंह	सदस्य
9.	डॉ० (श्रीमती) नजमा अख्तर	सदस्य
10.	प्रो. भूमित्र देव	सदस्य
11.	प्रो. के.एन. त्रिपाठी (विशेष आमंत्रित)	सदस्य
12.	श्री के.बी. लाल (कुलसचिव)	सचिव

(1) कुलपति महोदय ने सदस्यों का स्वागत किया और सबका संक्षिप्त परिचय भी दिया। इसके उपरान्त कुलपति महोदय ने उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से अब तक के शैक्षिक कार्यक्रम के प्रगति से योजना बोर्ड को अवगत कराया।

(2) योजना बोर्ड के बैठकों के संचालन के निमित्त आवश्यक विनियम (regulation) बनाने से सम्वन्धित प्रश्नों पर योजना बोर्ड ने विचारोपरान्त विनियम बनाने के लिए कुलपति को अधिकृत कर दिया।

(3) सत्र 1999-2000 में विभिन्न पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किए जाने सम्बन्धित कुलपति के आदेश का योजना बोर्ड ने अनुमोदन किया।

(4) योजना बोर्ड, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय जिन कार्यक्रमों में अपना पाठ्यक्रम जब तक बना नहीं लेता तब तक सम्बन्धित विषयों में उपलब्ध इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों के अनुसार पाठ्यक्रम लागू किए जाने सम्बन्धी कुलपति के आदेश का अनुमोदन किया। योजना बोर्ड को कुलपति ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय ने 'इग्नू' के साथ पाठ्यक्रमों को अपनाने, प्रतिलिपि तैयार करने और कुछ पाठ्यक्रमों में अनुवाद करने का अधिकार अलग-अलग अनुबन्धों से प्राप्त कर लिया है और यह अनुबन्ध तीन वर्षों के लिए वैध होगा।

(5) योजना बोर्ड ने संस्कृत और दर्शन शास्त्र के निमित्त विषय विशेषज्ञों की सीमित (पाठ्य समिति) के गठन सम्बन्धी कुलपति के आदेश का अनुमोदन किया। योजना बोर्ड ने संस्कृत और दर्शन शास्त्र में बनाये गये पाठ्यक्रम की कुलपति द्वारा स्वीकृति का भी अनुमोदन किया।

(6) योजना बोर्ड ने विभिन्न कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम समितियों के गठन और उसकी रूपरेखा तैयार करने के प्रश्न पर कुलपति को अधिकृत किया।

(7) अध्ययन केन्द्रों, सम्पर्क केन्द्रों हेतु मानक बनाने और अध्ययन केन्द्र, सम्पर्क केन्द्र, परामर्शदाता, समन्वयक, परीक्षक इत्यादि के मानक, पारिश्रमिक एवं अन्य अनुशांगिक प्रश्नों पर विचार करने एवं मानक बनाने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति कुलपति के अध्यक्षता में गठित की गईः

कुलपति	- अध्यक्ष
प्रो. ए.के. पन्त	- सदस्य
डॉ (श्रीमती) नजमा अख्तर	- सदस्य

(8) योजना बोर्ड ने कुलपति द्वारा दूरवर्ती शिक्षा परिषद को भेजे गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

(9) योजना बोर्ड ने संस्तुति किया कि इण्टरनेट पर कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाए।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

(के.बी. लाल)
कुलसचिव